नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 7

# SS—01—Hindi (C) ( D & D )

## उच्च माध्यमिक ( मूक-बधिर ) परीक्षा, 2010

## अनिवार्य हिन्दी

## ( COMPULSORY HINDI )

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक **28** व **29** में आंतरिक विकल्प हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक 1 के चार भाग (i), (ii), (iii) तथा (iv) हैं । प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

| प्रश्न क्रमांक | सही उत्तर का क्रमाक्षर |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

1. (i) 'रजनीश' शब्द का सन्धि-विच्छेद है

(अ) रजन + ईश (ब) रजनी + ईश

(स) रजनी + इश (द) रजन + इश । $\frac{3}{4}$

(ii) 'सम् + मति' शब्दों का सन्धियुक्त शब्द है

(अ) सम्मति (ब) सन्मति

(स) सदमति (द) सुमति । $\frac{3}{4}$

(iii) व्यंजन-सन्धि का उदाहरण है

(अ) निष्काम (ब) चयन

(स) सदाचार (द) स्वागत । $\frac{3}{4}$

(iv) 'वसुधैव' शब्द में सन्धि है

(अ) दीर्घ (ब) गुण

(स) अयादि (द) वृद्धि । $\frac{3}{4}$

2. निम्नलिखित शब्दों के विलोमार्थक शब्द लिखिए : 1

(i) सज्जन

(ii) गुण ।

3. 'पुष्प' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

4. साधारण वाक्य की परिभाषा लिखिए । 1

5. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द की पद-व्याख्या सम्बन्धी कोई **दो** बिन्दु लिखिए : 1

<u>परीक्षित</u> पुस्तक पढ़ता है ।

6. निम्नलिखित शब्द-युग्म का अर्थ भेद स्पष्ट कीजिए : 1

(i) प्रमाण

(ii) प्रणाम ।

7. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए : 2

(i) वह जो मास में एक बार हो ।

(ii) वह जो ईश्वर में विश्वास रखता है ।

8. (i) 'चार चाँद लगाना' मुहावरे का सही अर्थ लिखिए । 1

(ii) 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' लोकोक्ति का स्वरचित वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1

9. निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह कर उनमें प्रयुक्त समास का नाम भी लिखिए : 2

(i) माता-पिता

(ii) पुरुषोत्तम ।

10. 'शेर जंगल में रहता है ।' प्रस्तुत वाक्य में निहित शब्द-शक्ति का नाम बताते हुए परिभाषित कीजिए । 2

11. (i) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए :

(अ) कामनी

(ब) नुपुर ।

(ii) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए :

बालक मिठाई और दूध पीकर सो गया । 2

12. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द एवं उपसर्ग व प्रत्यय पृथक करके लिखिए : 2

(i) परहित

(ii) ममेरा ।

13. 'रक्त है ? या है नसों में क्षुद्र पानी', इसकी परीक्षा करने का कवि क्या तरीका सुझाता है ?

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 30 शब्द ) 1

14. 'जीवन श्रम से हँसें दिशाएँ' में हँसें दिशाएँ से क्या आशय है ? लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 30 शब्द ) 1

15. 'वृन्दावन अब ऊना' क्यों हो गया है ? बताइए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 30 शब्द ) 1

16. ईर्ष्या से बचने के विषय में लेखक ने क्या उपाय सुझाये हैं ?

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 40 शब्द ) 2

17. मोहम्मद साहब ने ईश्वर के सम्बन्ध में क्या कहा है ? पठित अंश के आधार पर लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 40 शब्द ) 2

18. लेखक ने 'दराज' शब्द की क्या विशेषताएँ बताई हैं ? लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 40 शब्द ) 2

19. ''सहसा मैंने आँगन में जो देखा'' कवि ने सहसा आँगन में जो देखा उसका वर्णन कीजिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

20. ध्रुवश्री ने खारवेल के प्राणों की रक्षा किस प्रकार की ? लिखिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

21. 'क्षितिज पर चमकने वाली प्रत्येक वस्तु सूर्य नहीं होती' यह कथन किसने कहा ?

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

22. भाड़ बनाने के लिए सुरबाला ने मनोहर को क्या-क्या निर्देश दिए ?

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

23. क्या सूरज ने आदमी का बटुआ चुराया था ? यदि नहीं तो उसने इस अपराध को क्यों स्वीकार किया ? 'निरापद' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द ) 3

24. घोड़ा लौटाने के बाद बाबा भारती को यदि डाकू खड़गसिंह मिलता, तो उनके बीच क्या वार्तालाप होता ? कल्पना के आधार पर उत्तर दीजिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 60 शब्द ) 4

25. 'ध्रुवश्री' की चारित्रिक विशेषताएँ किन्हीं तीन बिन्दुओं के आधार पर व्यक्त कीजिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 60 शब्द) 4

26. आप दिल्ली छावनी निवासी नीलम चौहान हैं । जयपुर निवासी अपनी सहेली शशिबाला को उसके जन्मदिन पर एक बधाई पत्र लिखिए । ( उत्तर शब्द सीमा लगभग 70 शब्द) 5

27. (i) 'तेते पाँव पसारिये जेती लांबी सौर ।' प्रस्तुत पंक्ति का पल्लवन कीजिए ।

( उत्तर शब्द सीमा लगभग 30 शब्द) 2

(ii) निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण लगभग 35 शब्दों में कीजिए : 3

संसार में वे लोग बड़े अभागे होते हैं, जो अपने देश या मातृभूमि को प्यार नहीं करते । स्वदेश प्रेम से शून्य मनुष्य जीता हुआ भी मरे के समान है । वह पृथ्वी का भार है । ऐसे व्यक्तियों से पृथ्वी कलंकित होती है । जिस पानी में मछली उत्पन्न होती है, मरते दम तक उसका साथ नहीं छोड़ती है । वह पानी से वियुक्त होने पर प्राण दे देती है, तो क्या मनुष्य जिसे अपना देश, अपनी भाषा एवं अपने देश की संस्कृति से प्यार नहीं है, साधारण जानवर से भी गया-बीता नहीं है ? जिस देश में हमने जन्म लिया है, उसके प्रति भक्ति होना, उसकी सेवा करना हमारा प्रथम कर्त्तव्य है ।

28. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग 60 शब्दों में कीजिए : 4

मकदूनिया का बादशाह डेमेट्रियस कभी-कभी राज्य का सब काम छोड़कर अपने ही मेल के दस-पांच साथियों को लेकर विषय-वासना में लिप्त रहा करता था । एक बार बीमारी का बहाना करके इसी प्रकार वह अपने दिन काट रहा था । इसी बीच उसका पिता उससे मिलने के लिए गया और उसने एक हँसमुख जवान को कोठरी से बाहर निकलते देखा । जब पिता कोठरी के भीतर पहुँचा, तब डेमेट्रियस ने कहा — ''ज्वर ने मुझे अभी छोड़ा है ।'' पिता ने कहा — ''हाँ ठीक है, यह दरवाजे पर मुझे मिला था ।''

**अथवा**

भयभीत बालक बाहर चला आ रहा था । शराबी ने उसके छोटे-से सुन्दर गोरे मुँह को देखा । आँसू की बूँदें ढुलक रही थीं । बड़े दुलार से उसका मुँह पोंछते हुए उसे लेकर फाटक के बाहर चला आया । दस बज रहे थे । कड़ाके की सरदी थी । दोनों चुपचाप चलने लगे । शराबी की मौन सहानुभूति को उस छोटे-से सरल हृदय ने स्वीकार कर लिया । वह चुप हो गया । अभी वह एक तंग गली में रुका ही था कि बालक के फिर से सिसकने की उसे आहट लगी । वह झिड़क कर बोल उठा — ''अब क्यों रोता है रे छोकरे ?''

29. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग 60 शब्दों में कीजिए : 4

अरी आँधियो ! ओ बिजली की दिवा-रात्रि तेरा नर्तन,

उसी वासना की उपासना, वह तेरा प्रत्यावर्तन ।

मणिदीपों के अंधकारमय, अरे निराशापूर्ण भविष्य !

देव-दंभ के महामेध में सब कुछ ही बन गया हविष्य ।

**अथवा**

''यह है उपाय'' कह उठे राम ज्यों मन्द्रित घन-

''कहती थी माता मुझे सदा राजीव नयन !

दो नील कमल हैं शेष अभी यह पुनश्चरण

पूरा करता हूँ देकर मातः ! एक नयन ।''

कह कर देखा तूणीर ब्रह्मशर रहा झलक,

ले लिया हस्त लक-लक करता वह महाफलक ॥

30. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 150 शब्दों ( 15 पंक्तियों ) में निबन्ध लिखिए : 10

(i) पर्यावरण संरक्षण

(ii) बाल विवाह : एक सामाजिक अभिशाप

(iii) दीपावली का त्यौहार

(iv) राजस्थान का जल संकट

(v) यदि मैं विद्यालय का प्रधानाचार्य होता ।